तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 17 सितंबर 2025

12 आम जनता से जुड़े राजस्व विभाग के कार्यों में...



12 बीएससी द्वितीय वर्ष की राखी प्रथम



## खबर संक्षेप

### एटीएम कार्ड बदल लगाया 25 हजार रुपये का चूना

**जींद।** पटियाला चौक पर एटीएम केबिन में राशि निकलवाने गए व्यक्ति का एक युवक ने एटीएम कार्ड बदल 25 हजार रुपये निकलवा लिए। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ चोरी तथा धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव नगूरां निवासी तरसेम ने पुलिस को शिकायत दी है।

### अनैतिक कार्य करवाने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** होटल की आड में अनैतिक कार्य करवाने के मामले की जांच डीएसपी मुख्यालय बीर भान द्वारा करते आरोपी लक्ष्मी दास मोहल्ला कैथल निवासी पुनीत को गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी मुख्यालय बीर भान ने बताया कि 15 सितंबर को महिला थाना प्रभारी एसआई वीना कुमारी की टीम को सूचना मिली कि ढांड रोड स्थित डॉक्टर जैन के सामने स्थित बेस्ट होटल में उपरोक्त आरोपी पुनीत बाहर से औरतों को बुलाकर ग्राहकों से अनैतिक कार्य करवाते हैं।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव बेलरखां से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बेलरखां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### आईटीआई में रोजगार मेला 19 को : ममता

**कैथल।** जिला रोजगार अधिकारी ममता ने बताया कि रोजगार कार्यालय कैथल के सौजन्य से जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 19 सितंबर को सुबह 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

### शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर हड़पे 6.45 लाख

**जींद।** शेयर मार्केट में निवेश करने पर अच्छे मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति को छह लाख 45 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इम्पलॉयज कालोनी निवासी जयवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 16 मई को उसके पास कोटक सिक्योरटी के नाम से एपीके फाइल आई थी।

### पर्स चोरी मामले में बेल जंपर आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ स्टाफ के एएसआई राजकुमार द्वारा उद्घोषित अपराधी गांव झिमरी खेड़ा जिला करनाल निवासी रणधीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर नई अनाज मंडी कैथल में चल रही एक रैली से एक व्यक्ती का पर्स चोरी करने का आरोप है।

### यूजी कोर्स में दाखिला ले सकेंगे 19 सितंबर तक

**जींद।** राजकीय कालेज जींद के अभाविप जींद कॉलेज के इकाई अध्यक्ष श्रीकांत ने बताया कि हरियाणा एजुकेशन डिपार्टमेंट द्वारा विद्यार्थियों के लिए यूजी प्रथम वर्ष में एडमिशन लेने का पुनः मौका दिया है। जो विद्यार्थी कॉलेज में एडमिशन लेना चाहते हैं विद्यार्थी कॉलेज में 19 सितंबर तक यूजी प्रथम वर्ष में एडमिशन ले सकता है।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी करने के मामले की एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए बाबा बस्ती चीका निवासी विशाल को काबू कर लिया गया।

*पांच साल से लटका है सड़क निर्माण का कार्य*

# रोड की पैमाइश और लेवल का काम प्रारंभ, 188 करोड़ रुपये से बनेगी जींद से सफीदों तक 10 मीटर चौड़ी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद से सफीदों तक सड़क के सुधार को लेकर पैमायश व लेवल का काम शुरू हो गया है। यह सड़क फिलहाल सात मीटर चौड़ाई की है। इसको बढ़कार 10 मीटर चौड़ा किया जाना है। इस पर लगभग 188 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। पिछले लगभग पांच साल से सड़क निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू हुई थी। उसी समय से यह दस्तावेजों में उलझी हुई है। अब इस सड़क की पैमाइश व लेवल का काम शुरू करवाया गया है। इस सड़क के लेवल का काम रोज सिविल टेक कंपनी को दिया गया है। दो दिन पहले इस कंपनी ने सड़क की पैमाइश व लेवल का काम शुरू किया है।

### लेवल का काम आज होगा पूरा

कंपनी के कर्मचारियों ने मंगलवार को जींद तक इसका लेवल किया। लेवल का काम पूरा होने के बाद सड़क के लिए टेंडर अलॉट होगा। इसके लिए पंचायती विभाग को वन विभाग के नाम जमीन करवाने करवानी है। यह प्रक्रिया भी चली हुई है। जमीन वन विभाग के नाम करवाने के लिए पंचायती विभाग काम कर रहा है। इसके लिए फाइल मुख्यालय गई हुई है। वर्ष 2020 में इस सड़क के निर्माण को लेकर घोषणा हुई थी। उसके बाद यह निर्माण कार्य दस्तावेजों में उलझ गया। सड़क बनाने से पहले इसके दोनों तरफ लगे पेड़ों की कटाई होनी है। यह पेड़ उस समय तक नहीं कट सकते जब तक वन विभाग इसकी मंजूरी नहीं देता। इसके लिए लगभग 42 एकड़ जमीन पंचायती विभाग को वन विभाग के नाम करवानी है ताकि जितने पेड़ काटे जाएंगे। उतने पेड़ वह लगा सके। जमीन की तलाश करने में ही दो से तीन वर्ष का समय लग गया। अब लगभग छह माह पहले जमीन भी मिल गई थी लेकिन अब तक यह वन विभाग के नाम नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त सड़क निर्माण को लेकर सभी कार्यों की तैयारी पूरी की जा चुकी है। अब जमीन ट्रांसफर होने का ही इंतजार बना है।



जींद। पैमायश में लगा कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### फिलहाल गड्डों को भरवाया जा रहा

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग के एक्सईएन राजकुमार नैन ने बताया कि जींद-सफीदों सड़क मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर लेवल व पैमाइश करवाई जा रही है। जल्द ही जमीन वन विभाग के नाम करवाई जाएगी। इसके बाद पेड़ कटवा कर साथ ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। इसके लिए वह लगातार अधिकारियों के संपर्क में हैं। फिलहाल गड्डों को भरवाया जा रहा है ताकि वाहनों का आवागमन सुचारू हो सके।

### निर्माण पैमाइश व लेवल का काम शुरू

विधानसभा में सफीदों से विधायक रामकुमार गौतम ने भी इस सड़क निर्माण को लेकर आवाज उठाई थी। उस समय उन्होंने सड़क निर्माण के लिए स्पेशल अधिकारी की ड्यूटी लगवाकर लंबित कार्य को पूरा करवाने की बात कही थी। इसके बाद अब इस सड़क के निर्माण पर पैमाइश व लेवल का काम शुरू हुआ है।

*मृतक के परिजनों ने ई मेल से पुलिस को भेजी शिकायत*

# रिश्तेदार को साथ लेकर बोला था सरेंडर के लिए, फिर खुद गोली मार ले ली जान : एसपी

*सुनील की जिला पुलिस को दस माह से थी तलाश*

**उतराखंड पुलिस के साथ संयुक्त टीम का गठन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सीआईए कर्मी पर हरिद्वार में गोली मार कर जानलेवा हमला करने के आरोपित द्वारा देहरादून में खुद को गोली मार कर आत्महत्या वाले सुनील कपूर के परिजनों ने पुलिस को ई-मेल से शिकायत भेजी है। जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जाएगी। वहीं मगंलवार को मृतक के शव के अंतिम संस्कार कर दिया। आत्महत्या करने से पूर्व पुलिस ने मृतक को सरेंडर के लिए बोला था लेकिन सरेंडर करने की बजाय खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। मृतक ने अपना हुलिया भी बदला हुआ था। मृतक सुनील की जिला पुलिस को पिछले लगभग दस माह से तलाश थी। अक्टूबर 2024 में सिविल लाइन तथा शहर थाना मे सुनील कपूर के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत दो मामले दर्ज हुए। इनपूट मिलने पर गत 13 सितंबर को सीआईए स्टाफ कर्मियों ने हरिद्वार बस अडडे पर पकड़ने के कोशिश की थी। जिस पर सुनील कपूर ने सीआईए के सब इंसपेक्टर सुरेंद्र को गोली मार कर घायल कर दिया। जिसके बाद उतराखंड पुलिस के साथ संयुक्त टीम को गठन किया गया। आरोपित से देहरादून में इनपूट मिलने पर संयुक्त बल से उसके ठिकाने को घेरा तो उसने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। सोमवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। मंगलवार को मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



पत्रकारों से बातचीत करते एसपी

### अपना हुलिया बदले था

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि ई मेल के माध्यम से शिकायत मिली है। जिसकी जांच शुरू कर दी गई। पूर्व में जांच को एसआईटी को ट्रांसफर कर दिया गया। फिर जांच जिला पुलिस के पास आ गई है। उन्होंने कहा ज्वायंट आपरेशन के दौरान मृतक के देहराढून में ठिकाने के इनपूट मिले थे। वहां की रेकी भी की गई। मृतक के रिश्तेदार को लेकर सरेंडर के लिए बोला गया था लेकिन सरेंडर की बजाय उसने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। मृतक ने अपना हुलिया बदला हुआ था।

### आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** सेक्टर 21 में युवक को गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा आरोपी को काबू कर लिया गया। डीएसपी मुख्यालय बीर भान ने बताया कि हुड्डा सेक्टर 19 कैथल निवासी गुलाब सिंह की शिकायत अनुसार वह पत्नी के साथ गुड़गांव गया हुआ था। इस दौरान 14 सितम्बर को शाम 7.03 पर उसके भतीजे का फोन आया कि उसके बेटे प्रतीक को गोली मार दी है। शिकायतकर्ता अनुसार जितेंद्र पुत्र सुरजीत निवासी गांव बुढ़ाखेड़ा कई बार उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे चुका है।

मृतक के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और इंसाफ की गुहार लगाई। परिजनो का कहना था की सुनील कूपर को आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया, जोकि एक तरह से हत्या है। एक पुलिस अधिकारी तथा कुछ कर्मियों ने सुनील को टारगेट किया हुआ था। जिसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस को ई मेल के माध्यम से भेजी है।

# अवैध कॉलोनी में चलवाई जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से पूंडरी राजस्व संपदा में पनप रही अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। अवैध कालोनी में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई। इस कार्रवाई के दौरान हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के एसडीओ अभिषेक बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि पूंडरी राजस्व संपदा में तहसील ऑफिस के नजदीक करीब तीन एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी का मामला संज्ञान में आया। जिसके बाद कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कालोनियों को रोकने के आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया। जिसके बाद डीटीपी का अमला पुलिस बल संबंधित कालोनी में पहुंचा और वहां पर बनी सड़क, बाउंडरी वॉल तथा सिवरेज नेटवर्क को शुरुआती चरण में जेसीबी की मदद से तोड़ा गया।



### वैधता जरूर जांचे

जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों से अपील की है कि वे किसी कालोनी में प्लाट लेने से पहले उसकी वैधता जरूर चैक कर लें। उन्होंने बताया कि शहर में अवैध निर्माणों व अवैध कालोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



जींद। प्रदर्शन में शामिल मनरेगा मेट और मजदूर। फोटो :हरिभूमि

### मनरेगा मेट और मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**जींद।** जींद, करनाल और कैथल से आए मनरेगा मेट और मजदूरों ने मंगलवार कहरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा के आवास पर प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शन मनरेगा मेट एवं मजदूर यूनियन हरियाणा के बैनर से आयोजित हुआ। प्रदर्शन से पहले नेहरू पार्क में मनरेगा मजदूरों की सभा की अध्यक्षता राज्य प्रधान रमेशचंद्र ने की तथा संचालन राज्य सचिव नरेश कुमार ने किया। नेहरू पार्क से प्रदर्शन शुरू करके रानी तालाब रुपया चौक होते हुए दो किलोमीटर की दूरी तय करके मनरेगा मजदूर डिप्टी स्पीकर के निवास पर पहुंचे। जहां पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को बेरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। जहां गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मनरेगा मेट एवं मजदूर यूनियन हरियाणा के महासचिव विनोद कुमार, सीटू सचिव कपूर सिंह, खेत मजदूर नेता प्रकाशचन्द्र, रमेश अदि मौजूद रहे।

### पावर कॉरपोरेशन यूनियन ने गेट मीटिंग कर नारेबाजी की

**गुहला चीका।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ द्वारा बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता गुहला के खिलाफ छठे दिन भी संघर्ष जारी रहा। आज डिवीजन स्तर पर गेट मीटिंग का आयोजन यूनिट प्रधान संदीप सैनी की अध्यक्षता में किया गया, जबकि मंच का संचालन यूनिट सचिव राकेश कुमार ने किया। सभा में राज्य के वरिष्ठ पदाधिकारी राज्य नेता बलजिंदर सीड़ा, राज्य सचिव अभिषेक शर्मा एवं राज्य उपप्रधान स्वराज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्य सचिव अभिषेक शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते बताया कि कार्यकारी अभियंता गुहला को कई बार कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में संगठन द्वारा मौखिक एवं लिखित रूप से सूचित किया गया, लेकिन बार-बार अवगत करवाने के बावजूद कोई समाधान नहीं किया गया।



सीवन। अस्पताल में मरीजों की जांच करते डा. प्रदीप। फोटो :हरिभूमि

### जल्द बनेगा नया सरकारी अस्पताल भवन

**सीवन।** नगर में नए सरकारी अस्पताल भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। इसी कड़ी में वर्तमान में संचालित सरकारी अस्पताल को अस्थायी रूप से अन्य भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। अब पुराने जर्जर भवन को तोड़कर उसी स्थान पर आधुनिक अस्पताल भवन का निर्माण किया जाएगा। निगरानी समिति के सदस्य बलविंदर जांगड़ा, मनोनीत पार्षद सतीश मुंजाल और भाजपा नेता संजय कंसल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि नए अस्पताल के निर्माण के बाद लोगों को सभी आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं नगर में ही उपलब्ध हो जाएंगी। पहले कई बार मरीजों को जिला स्तर के अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब उनकी यह समस्या दूर हो जाएगी। नेताओं ने कहा कि आने वाले दो वर्षों में नए अस्पताल का निर्माण पूरा कर इसे फिर से पुराने स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा।

# टिंबर मार्केट में पंजाब नेशनल बैंक की ब्रांच में चोरी का प्रयास

- ताले और शट्टर को कट्टर से काटा मैनेजर ने थाने में शिकायत दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

टिंबर मार्केट स्थित पंजाब नेशनल बैंक की ब्रांच में चोरी के असफल प्रयास का मामला सामने आया है। जब अधिकारी बैंक में पहुंचे तो वहां पर शटर और लॉक कटे हुए मिले। मैनेजर ने शहर थाना में शिकायत दी है। शाखा मैनेजर पंकज कुमार ने शहर थाना में दी शिकायत में बताया कि 15 सितंबर को सुबह करीब साढ़े 6 बजे उसके पास मुनीष सिक्का नामक व्यक्ति का कॉल आया। व्यक्ति ने कहा कि बैंक का शटर कटा है। पंकज ने कहा कि वह तुरंत शाखा में पहुंचे और पाया कि वहां पर पुलिस कर्मचारी मौजूद थे। बैंक में सामने लगा ताला कटा था और साथ में शटर को भी कुछ जगहों से काटा था। उसने पुलिस कर्मचारियों के सामने ही सफाई कर्मचारी को बुलाकर गेट खुलवाया। बैंक के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान सुरक्षित पाया गया। शिकायतकर्ता ने अंदेशा जताया कि अज्ञात ने बैंक में चारी का प्रयास किया है।



### जांच कर रही पुलिस

शहर थाना के जांच अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जींद। रोष जताते कालोनीवासी। फोटो :हरिभूमि

### रास्ता खुलवाने की लगाई गुहार

**जींद।** मिनर्वा स्कूल के निकट न्यू कृष्णा कालोनी में प्लाट खरीदकर मकान बनाए जाने से 60 से अधिक परिवार संकट में आ गए है। इन लोगों द्वारा अबतक जिस गली का प्रयोग आने जाने में किए जा रहा था वह रास्ता अब प्रोपर्टी डीलर पर ही बंद करने के आरोप कालोनी के लोगों ने लगाए हैं। लोगों का आरोप है कि प्रोपर्टी डीलर ने यह गली बंद कर दी है, जिससे उनके बच्चों को स्कूलों में आने-जाने तथा पशुओं को भी ले जाने की समस्या खड़ी हो गई है। लोगों ने आरोप लगाया कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश में लोग घरों में ही कैद होकर रह गए। इन लोगों ने इसकी शिकायत उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को भेजी है। कालोनी निवासी नवीन, मास्टर शमशेर, सोनू, रामफल, किरण, राजेश, परमेश्वरी, महेंद्रो, नरेंद्र पहल, कमलजीत ने बताया कि उन्होंने सेक्टर 11 के रहने वाले जितेंद्र कुंडू व भटनागर कालोनी में रहने वाले पप्पू मलिक से न्यू कृष्णा कालोनी में प्लाट लिए थे।

**आस-पास रह रहे लोग मौत के साए में जीवन जीने को हो रहे विवश**

# पुरानी हवेली बनी खंडहर, दे रही हादसों को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

गांव सेरधा में बाबा विष्णुपुरी मंदिर के पीछे पुरानी हवेली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जो क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी लोगों के लिए खतरा बन मंडरा रही हैं। इनके पास रह रहे लोग मौत के साए में जीने को विवश होकर कर रह गए हैं। कुछ दिन पहले एक दीवार गिर भी चुकी जिससे बिजली का पोल व तारे टूट कर गिर गई लेकिन रात होने के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस बारे ग्रामीण रमेश कुमार, दयाल सिंह, पंडित सुनील कुमार, सतीश कुमार, नरेंद्र, सोनू वर्मा, सुरेंद्र मितल, संजय कुमार, नरेंद्र लंबरदार, रमेश कुमार,दयाल सिंह, रामकुमार,नसीब सिंह, कृष्ण, महिला रानी कमलेश ज्योति देवी, सुनीता, सीमा देवी, कुसुम आरती, रेखा , गुरमति इत्यादि महिलाओं ने बताया की यह प्राचीन हवेली इतनी जर्जर हालत में है की कभी भी गिर सकती है और कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है। इन ग्रामीणों ने बताया की एक तो उनके आवास इन दोनों हवेलियों के आसपास है दूसरा अपने दैनिक कार्यों हेतु दिन में कई कई बार हवेली के समीप से गुजरना पड़ता है जबकि हवेली की हालत को देखकर यहां रहना तो दूर की बात, समीप से निकलते भी भयानक डर लगता है।



पुरानी हवेली



कैथल। सेरधा में जर्जर अवस्था में खड़ी पुरानी हवेली तथा रोष जताते ग्रामीण।

### पास में मंदिर

अवस्था में खड़ी यह हवेलियोनुमा इमारत अब कभी भी धराशायी हो सकती है। जो आसपास रहने वाले व आमगम होने की वजह से किसी के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इन लोगों ने बताया कि यही साथ में बाबा बिषपुकरी का मंदिर पड़ता है जहां रविवार को भारी संख्या में लोग पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं ।

### कुत्तों का आतंक, हर दिन बढ़ रहे काटने के मामले

**सीवन।** नगर में आवारा कुत्तों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह समस्या और अधिक गंभीर बन चुकी है क्योंकि कुत्ते झुंड बनाकर घूमते हैं और अचानक हमला करने का खतरा बना रहता है। पहले ही नगर की बाहरी कॉलोनियों में इन कुत्तों की संख्या बहुत अधिक थी, लेकिन हाल ही में एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि एक लोडिंग वैन में भरकर दो लोग 7 से 8 आवारा कुत्ते नगर की डी ए वी कॉलोनी में छोड़कर चले गए। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों में रोष है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बाहर से गाड़ियां आकर नगर की कॉलोनियों में कुत्ते छोड़ रही हैं।

## खबर संक्षेप

### इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत आवेदन की तिथि बढ़ी

जींद। विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की ओर से शुरू की गई इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत विद्यार्थियों से मांगे गए ऑनलाइन आवेदन की तारीख को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर थी। अब तक जिलेभर से 950 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। कक्षा छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी विज्ञान से संबंधित आइडिया 30 सितंबर तक ऑनलाइन दे सकेंगे। एक स्कूल से पांच आवेदन मांगे गए हैं।

### विद्यार्थियों को प्रोसेसिंग प्लांट का करवाया भ्रमण

जींद। शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा चलाए जा रहे हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत बाल्यकाल से ही स्वच्छता के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक निजी स्कूल के छात्रों को हांसी भिवानी रोड स्थित प्रोसेसिंग प्लांट पर भ्रमण करवाया । नगरयुक्त सुरेंद्र सिंह द्वारा बस को हरी झंडी दिखा कर टीम को रवाना किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कचरा निस्तारण प्रक्रिया के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाना है। बच्चों को प्लास्टिक कम से कम प्रयोग करने व गिले व सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने का महत्व समझाया।

### मांगों को लेकर डिप्टी स्पीकर को ज्ञापन सौंपा

जींद। जनवादी महिला समिति ने त्योहारों के अवसर पर राशन डिपो पर अतिरिक्त राशन लेने, गरीब परिवारों के बीपीएल कार्ड बनाने, सभी महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये तुरंत देने आदि मांगों को लेकर आज विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के माध्यम से सीएम को ज्ञापन सौंपा। जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष आशा रानी, नूतन, मीना आदि ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुईं। संगठन की नेताओं ने कहा कि दशहरा और दीपावली नजदीक आ रहे हैं।

### एक मरीज डेंगू पॉजिटिव मिला , आंकड़ा 20 पहुंचा

जींद। स्वास्थ्य विभाग को एक डेंगू पॉजिटिव की रिपोर्ट मिली है। जिसके चलते जिला में डेंगू पॉजिटिव का आंकडा 20 पर पहुंच गया है। हाडवा में 48 वर्षीय व्यक्ति की डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट आने पर वहां स्वास्थ्यकर्मियों ने फोगिंग अभियान चलाया व आसपास क्षेत्र में लार्वा की जांच की। जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की 200 से अधिक टीमें फील्ड में हैं। जो लोगों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक कर रही हैं। लोगों को चाहिए कि अपने आसपास घरों के गंदा पानी एकत्रित न होने दें।

### रावण की भूमिका को जीवंत कर रहे नरेंद्र

नरवाना। श्री रामा भारतीय कला केंद्र के मंच पर रामलीला में रावण का रोल अदा करने वाले अनुभवी कलाकार नरेंद्र कुकरेजा रामलीला में रावण की भूमिका को जीवंत करते हैं। पंजाबी चौक नरवाना के रहने वाले नरेंद्र को बचपन से ही रंगमंच का शौक रहा है। वे पौराणिक भूमिकाओं में ढलना चाहते थे इसलिए 1990 में रामलीला मंचन से जुड़ गए। रंगमंच की बारीकियां सीखते हुए उन्होंने समय.समय पर लक्ष्मण, मेघनाद व परशुराम की भूमिकाएं निभाईं। 2012 में वे श्री रामा भारतीय कला केंद्र से जुड़े और पिछले चार वर्षों से महाबली रावण की भूमिका निभा रहे हैं।

### डीसी ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

जींद। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों और मतदाता सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल मशीनों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने आयोग के निर्देशों के अनुसार ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को संग्रहित करने की जांच की ईवीएम, वीवीपैट सहित स्ट्रांग रूम में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में सुरक्षित रखा गया है।

*डीसी ने ली राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक*

# आम जनता से जुड़े राजस्व विभाग के कार्यों में पारदर्शिता, और समयबद्धता जरूरी : उपायुक्त

## राजस्व विभाग के लंबित मामलों का अधिकारी शीघ्र करें निपटारा

**कार्यों में ढिलाई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आम जनता से जुड़े राजस्व विभाग के कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसीलों में लंबित पड़े जमाबंदी, इंतकाल (म्यूटेशन) राजस्व न्यायालयों के मामले, कब्जा कार्रवाई, रिकवरी से जुड़े मामलों तथा निशानदेही जैसे विषयों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और संबंधित जानकारियों को समय पर पोर्टल पर अपडेट किया जाए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और कहा कि आम जनता के कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। यदि किसी



जींद। राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो :हरिभूमि

भी अधिकारी द्वारा कार्यों में कोताही बरती जाती है तो उनके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जमाबंदी व इंतकाल कार्यों में तेजी लाएं : डीसी डीसी ने कहा कि जिले के जिन गांवों की जमाबंदी अभी तक लंबित हैं, उन्हें तत्काल अपडेट करवाया जाए। यदि किसी स्थान पर तकनीकी समस्याएं आ रही है तो उसे तुरंत उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए ताकि समाधान शीघ्र किया जा सके। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि वे जमाबंदी के कार्यों की नियमित समीक्षा करें और फील्ड स्तर पर स्थिति का आंकलन करें। राजस्व न्यायालयों एवं चकबंदी मामलों की नियमित निगरानी: बैठक के दौरान डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि चकबंदी से संबंधित मामलों की उचित पैरवी की जाए तथा राजस्व कोर्ट में लंबित केसों का पूरा रिकॉर्ड दुरुस्त रखा जाए। सभी संबंधित अधिकारी इन मामलों में समयबद्ध कार्यवाही करें ताकि नागरिकों को समय पर न्याय मिल सके। ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर डेटा अपडेट कराएं: डीसी ने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर किसानों, मजदूरों एवं गरीब वर्ग द्वारा दर्ज करवाई गई नुकसान व खराबे की शिकायतों की 25 सितंबर से पहले गिरदावरी के माध्यम से फील्ड सत्यापन करवाया जाए। इस कार्य में पटवारियों की भूमिका अहम बताते हुए डीसी ने कहा कि वे मौके पर जाकर जानकारी एकत्रित करें और रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें।

**निशानदेही के मामलों में गति लाएं**

डीसी ने निर्देश दिए कि तहसीलों में कब्जा कार्रवाई से संबंधित लंबित मामलों में तेजी लाई जाए और यदि किसी अधिकारी को पुलिसबल की आवश्यकता है तो तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए। साथ ही निशानदेही के सभी लंबित मामलों को भी प्राथमिकता से निपटाया जाए।

**ये रहे मौजूद**

अवसर पर जींद एसडीएम सत्यवान सिंह मान, सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, जुलाना एसडीएम होशियार सिंह, उचाना एसडीएम दलजीत सिंह, नरवाना एसडीएम जगदीश चंद्र, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार तथा जिले के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

**रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण जरूरी**

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व विभाग से जुड़े सभी रिकॉर्ड ठीक ढंग से संधारित किए जाएं और साथ ही उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर समय-समय पर अपडेट भी किया जाए। इससे न केवल पारदर्शिता बनी रहेगी बल्कि आम जनता को भी समय पर जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।



जींद। एनएसएसद्ध ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

**ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन**

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में बड़े उत्साह और उत्सवपूर्ण वातावरण में किया गया। इसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध 15 महाविद्यालयों के 25 एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम अधिकारियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल अवधारणाओं, उद्देश्यों, कार्य पद्धतियों एवं वर्तमान सामाजिक संदर्भों में उसकी प्रासंगिकता से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रूप में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने सभी उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नही बल्कि एक आंदोलन है जो विद्यार्थियों को सेवाए अनुशासनए नेतृत्वए समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की शिक्षा देता है।

# बीएससी द्वितीय वर्ष की राखी प्रथम

## छात्राओं के लिए मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं स्टाफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महिला महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका मुख्य विषय न्याय व लोकतंत्र रहा। प्रतियोगिता का संचालन समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डा. सुमन खर्ब ने किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में अपने लोकतंत्र के प्रति ज्ञान व कानून के प्रति जागृति पैदा करना था। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अल्पना शर्मा, डा. सुमिता आशरी व डा. हिमांशु गर्ग द्वारा की गई। डा. आशरी ने छात्राओं को न्याय कानून व लोकतंत्र की जानकारी देते हुए कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक होना चाहिए। इस प्रतियोगिता में समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं ने मॉडल बनाए और इस प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में राखी बीएससी द्वितीय वर्ष द्वारा प्रथम स्थान, प्रतिभा बीएससी द्वितीय वर्ष द्वारा द्वितीय स्थान व अलका बीकॉम द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अधीक्षक अभियंता ने सुनी बिजली समस्याएं

- किशनपुरा में लगी बिजली अदालत, 10 में से 5 समस्याओं का मौके पर हल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। किशनपुरा गांव में शिकायतें सुनते एसई। फोटो :हरिभूमि

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा मंगलवार को बिजली अदालत का आयोजन किया गया। बिजली अदालत में जींद के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बिजली की समस्याएं सुनी। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी नागेंद्र कुमार मौजूद रहे व गांव के सरपंच मंजीत भी मौजूद रहे। इसमें 10 शिकायतें पहुंची। जिनमें से पांच का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। बिजली अदालत में काफी संख्या में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे। इस मौके पर गलत बिलिंग, ब्याज माफी योजना, बिजली लाइनों को स्थानांतरित करना, वोल्टेज समस्या, खराब मीटर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। इसके बाद बिजली बिलों, ब्याज माफी योजना, खराब मीटर को बदलने जैसी समस्याओं को उपमंडल अधिकारी नागेंद्र कुमार को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली लाइनों को स्थानांरतण करने और सोलर कनैक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधि में समाधान करने के निर्देश दिए। बिजली अदालत में बिजली बिलों और ब्याज माफी योजना के तहत बिल ठीक किए जाने की शिकायतें ज्यादा आई।



भिखेवाला गांव में चार्ली टॉरनेडो मशीन से दवा छिड़काव मुहिम की शुरुआत करते कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला व एससी सैल के जिलाध्यक्ष सतबीर दबलैन।

**सुरजेवाला ने शुरू की जनसेवा की मुहिम**

नरवाना। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने नरवाना के बाढ़ ग्रस्त और जलभराव ग्रस्त इलाकों में जनसेवा की मुहिम शुरू की है। रणदीप सुरजेवाला द्वारा क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त और जलभराव ग्रस्त इलाकों में स्वच्छ पेयजल और बीमारियों से बचने के लिए चार्ली टॉरनेडो मशीन से छिड़काव की व्यवस्था की शुरुआत की है। इस मुहिम की शुरुआत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला ने गांव भिखेवाला से की। सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने नरवाना के जलभराव से प्रभावित गांव दनौदा, भिखेवाला, फरैण, इस्माइलपुर सहित अन्य गांवों का दौरा किया था। जहां ग्रामीणों ने उन्हें इन समस्याओं के बारे में अवगत कराया था। रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इस मामले का तुरंत संज्ञान लिया। सुरजेवाला की इसी सकारात्मक सोच को अमलीजामा देते हुए बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला ने ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के लिए टैंकर और बीमारियों से बचाव के लिए चार्ली टॉरनेडो मशीन से दवाई का छिड़काव करने की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया।

**कार्यक्रम** | खेतिहर मजदूरों के कल्याण के लिए सरकार चला रही अनेकों योजनाएं : डा. मिड्ढा

# मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को किए चेक वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत दो लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए। यह योजना उन किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए है जो खेतों में काम करते समय किसी अप्रत्याशित दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं ताकि उन्हें और उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिल सके। डा. मिड्ढा ने इस अवसर पर बताया कि राज्य सरकार किसानों और खेतिहर मजदूरों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। जिनके माध्यम से उनके जीवन को सुरक्षित और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री किसान और खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत गंभीर दुर्घटनाओं में घायल या मृतक के परिवार को सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत पहली लाभार्थी रामरतिए जो गांव बीबीपुर की निवासी हैं, उनके बेटे की खेत में काम करते समय सांप के काटने से मौत हो गई थी। डा. मिड्ढा ने उनके परिवार को पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक भेंट किया ताकि वे इस कठिन समय में कुछ राहत पा सकें और उनके परिवार का जीवन सहज बना रहे। दूसरी लाभार्थी कुमारी ईशानी, जो गांव जुलानी की निवासी हैं।



जींद। सहायता राशि के चैक वितरित करते हुए डा. मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

**खेतिहर मजदूरों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध**

ईशानी के साथ यह दुखद घटना हुई थी कि खेत में चारा काटते वक्त उनकी एक उंगली कट गई थी। डा. मिड्ढा ने उन्हें 75 हजार रुपये का चेक प्रदान किया ताकि वे अपनी चोट का इलाज करवा सकें और आर्थिक रूप से भी अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और खेतिहर मजदूरों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और वह हमेशा ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए कार्य करती रहेगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आने वाले समय में ऐसे और भी कार्यक्रम लाए जाएंगे ।

## खबर संक्षेप

### पायल ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पाया द्वितीय स्थान

अलेवा। यमुनानगर में 12 से 14 सितंबर तक आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में राजकीय वमावि डाहौला की छात्रा पायल द्वारा 53 किलो भार वर्ग में रजत पदक हासिल करने पर स्कूल में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने की। इस दौरान छात्रा तथा उसके माता-पिता को प्राचार्य अनिल कुमार, डीपीइ, सोमनाथ के अलावा समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्य ने बताया कि यमुनानगर में 12 से 14 सितंबर तक आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्कूल की छात्रा पायल ने जींद जिले का प्रतिनिधित्व किया था। जिसमें छात्रा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया।

### छात्राओं ने पावर प्वाइंट प्रतियोगिता में दिखाई रूचि

जींद। हिंदू कन्या कालेज में इतिहास विभाग द्वारा पावर प्वायंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर छात्राओं ने बढ़चढ़ कर कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में तकनीकी ज्ञान, आत्मविश्वास और संप्रेषण को विकसित करना था। प्रतिभागियों ने भारतीय संस्कृति की झलक विषय पर पीपीटी स्लाइड्स के माध्यम से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्राचार्या डा. पूनम मोर ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्राओं के सर्वांगीण व तकनीकी विकास में सहायक होती है। सोनी गोयल ने इस प्रतियोगिता में मंच का संचालन किया व छात्राओं को भारतीय संस्कृति की महानता के बारे में जानकारी दी। डा. कोकिला ने इस कार्यक्रम में बड़े ही निष्पक्ष व विवेक तरीके से निर्णय दिया व कार्यक्रम में कुमारी अंजू और कुमारी बिंदु भी उपस्थित रही। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से दी टीबी बचाव की जानकारी

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत जुलानी गांव में एमपीएचडब्ल्यू पवन श्योकंद व पूनम रानी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत ग्रामवासियों को टीबी से बचाव बारे जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ मच्छरजनित बीमारियों से बचाव बारे व स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं बारे ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इस दौरान टीबी व मच्छरजनित बीमारियों की जानकारी से सम्बंधित पंपलेट भी बांटे गए। स्वास्थ्य कार्यकर्ता पवन श्योकंद व पूनम रानी ने जानकारी देते हुए कहा कि यह बीमारी किसी भी आयु वर्ग को हो सकती है । यह एक संक्रामक रोग है जोकि कीटाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस से फैलता है। कीटाणु मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है। जिसके कारण फेफड़ों की टीबी होती है। कभी-कभी यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करता है। अगर इस तरह के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत अपने बलगम की जांच करवानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच व इलाज बिल्कुल मुफ्त दिया जाता है।

### केएम राजकीय कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला

नरवाना। केएम राजकीय कॉलेज नरवाना के प्लेसमेंट सेल द्वारा डिजाइनर्ज एकेडमीए रोहतक के सहयोग से प्लेसमेंट सेल की कनिका सीकरी के निर्देशन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय वेब डिजाइनिंगए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजिटल मार्केटिंग रहा। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में संदीप ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया है जिसमें वेब डिजाइनिंग भी प्रमुख है । एआई ने वेबसाइट के निर्माण और अनुभव के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया। इनके बाद जतिन वधवा ने अकादमिक एक्सपर्ट के रूप में संपूर्ण पर्यवेक्षण किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रोफेसर राजेश श्योकंद ने किया।

### बुखार आने पर तुरन्त रक्त की जांच करवाएं : जयवीर

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत बरसोला गांव में जयवीर नेहरा ने नुक्कड़ सभाएं करके मलेरियाए डेंगू बुखार के कारण, लक्षण, बचाव बारे जागरूक किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी द्वारा छतों पर पड़े कबाड़ को साफ करवाया। टंकी, कूलर, होदी व फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे के पानी में लारवा की जांच की गई। एमपीएचडब्ल्यू जयवीर नेहरा ने मलेरिया बुखार के लक्षण बताते हुए कहा कि इसमें कंपकंपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है। इसके अलावा सिर दर्द, उल्टी व दस्त, चक्कर आना, जी मचलना व पूरे शरीर में थकावट होती है। बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि अपने आसपास पानी न खड़ा होने दे, अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें। कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दे। मच्छरदानी लगा कर सोएं और ध्यान रखें कि उस पर मच्छर मारने वाली दवा लगी हो व उसमें कोई छेद नही हो और वह कहीं से फटी नही हो तथा वह अच्छी तरह लगी हो।

### एडीजीपी ने किया मालखाना का औचक निरीक्षण

जींद। हिसार रेंज के एडीजीपी केके राव ने मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित मालखाने का निरीक्षण किया। उन्होंने मालखाने का भौतिक निरीक्षण करने के साथ रिकार्ड को भी खंगाला। हालांकि निरीक्षण के दौरान सब कुछ संतोषजनक पाया गया। उन्होंने माल मुकद्मों के रखरखाव से संबंधित आवश्क दिशा निर्देश दिए। हिसार रेंज के एडीजीपी के के राव मंगलवार को अचानक पुलिस लाइन पहुंचे और माल खाने का औचक निरीक्षण करना शुरू कर दिया। पहले उन्होंने मालखाने में रखे नशीले एवं द्रव पदार्थों का भौतिक निरीक्षण किया। वहां रखे नशीले पदार्थों का वजन किया गया। उनके रिकार्ड को खंगाला गया। उन्होंने काफी देर तक बारीकी से मालखाने का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एडीजीपी स्पष्ट किया कि पारदर्शिता और जवाबदेही पुलिस कार्यप्रणाली की पहली प्राथमिकता है।

### पिल्लूखेड़ा पहुंचा साइकिल मैन सुभाष

जींद। पूरे भारत की साइकिल यात्रा पर निकले साइकिल मैन के नाम से मशहूर सुभाष चंद्र मंगलवार को पिल्लूखेड़ा पहुंचे। अपनी यात्रा के दौरान युवाओं और किसानों से बातचीत कर नशा मुक्ति और अपराध मुक्त समाज के निर्माण के लिए उनका उत्साह देखा। सुभाष ने बताया कि वे 22 राज्यों में 25 हजार किलोमीटर का सफर तय कर चुके हैं। उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जा कर युवाओं से जुडना और किसानों की समस्याओं को समझना भी है। वे जानबूझ कर राजमार्गों के बजाय ग्रामीण लिंक रोड का उपयोग करते हैं ताकि जमीनी स्तर पर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें। सुभाष ने बताया कि हरियाणा में उनका अभियान पुलिस प्रशासन की नशा मुक्ति टीम के साथ मिलकर फल फूल रहा है।युवाओं का जोश और समर्थन इस बात का प्रमाण है कि यह अभियान सही दिशा में है। उन्हें यकीन है कि सही मार्गदर्शन और समर्थन से युवा पीढ़ी को नशे और अपराध से दूर रखा जा सकता है।

### एसडी महिला कालेज में ऑनलाइन व्याख्यान

नरवाना। एसडी महिला कालेज की प्राचार्या डॉ अंजना लोहान की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। जोकि एसडी महिला कालेज नरवाना और कृषा फाउंडेशन मुंबई के संयुक्त तत्वावधान से हुआ। जिसका आयोजन कॉमर्स विभाग और अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में कृषा फाउंडेशन मुंबई से दीया नवीन पंजाबी ने इन्वेस्टमेंट अवेयरनेस पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम की संयोजिका रितु रानी ने मुख्य वक्ता का परिचय देते हुए बताया कि ये कई ख्याति प्राप्त संगठनों के सक्रिय सदस्य हैं। मुख्य वक्ता दीया नवीन पंजाबी ने छात्राओं को बताया कि इन्वेस्टमेंट क्या होती हैं और कौन कौन से प्रतिभूति बाजार होते हैं और कहा कि स्मॉल इन्वेस्टमेंट से शुरू करें जैसे फिक्स डिपोजिट एशेयर्सए रियल एस्टेटए म्युचुअल फंड एगोल्ड। साथ ही उन्होंने सिक्योरिटी मार्केट रिस्क एंड रिटर्न बैलेंसए ट्रेडिंग एंड डिमैट अकाउंट ई केवाईसी के बारे में बताया।



जींद। मरीजों को आहार किट देने के मौके पर मौजूद स्टाफ सदस्य।

### गोद लिए गए टीबी रोगियों को को दी आहार किट

जींद। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल जींद में योगदान देते हुए गोद लिए गए 31 टीबी रोगियों को आहार की चौथी किट सहायता स्वरूप प्रदान की। यह सहयोग रोगियों को मानसिक और आर्थिक सहारा देगा। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि महाविद्यालय सदैव सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहा है और समाज सेवा में योगदान देना उसका दायित्व है। उन्होंने सभी को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और जरूरतमंदों की सहायता करने का संदेश दिया। डिप्टी सिविल सर्जन डा. जेके मान ने कहा कि टीबी रोगियों के लिए पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है। कॉलेज प्रशासन का धन्यवाद करते इस प्रयास को सराहनीय और मानवतापूर्ण बताया। कॉलेज से प्रो. सतीश मलिक, प्रो. विजयवीर, प्रो. मंजीत, प्रो. भगवानदास तथा सिविल हॉस्पिटल से कोमल देशवाल, संदीप गोयत और अंकुर तंवर उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डेंटल कैंप में 70 बच्चों ने करवाया चेकअप

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर पुंडरी शाखा की और से ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल हजवाना रोड डीग में डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् से की गई, मंच संचालन महिला सहभागिता निधि मोहन ने किया। उन्होंने संस्था के बारे में जानकारी दी और बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। दशमेश डेंटल क्लिनिक से डॉक्टर अजय सैनी का विशेष सहयोग रहा।

### ग्रीष्म नवरात्रे ग्रीष्म ऋतु का सूचक : रामभगत

**राजौंद।** आचार्य पंडित राम भगत हरितस ने बताया कि ज्योतिष पांचाग के अनुसार नवरात्रा शब्द का अर्थ है नव रात्रि प्रतिपदा से नवमी पर्यंत नवरात्रा कहलाता है। उन्होंने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत अनुसार वर्ष में चार बार नवरात्रे होते हैं। जिनमें चैत्र, अषाढ़, माघ, अश्विन मास लिए गए हैं। चैत्र, अषाढ़, ग्रीष्म कालीन नवरात्रे तथा माघ, अश्विन शरद् कालीन नवरात्रे के नाम से विख्यात है।

### ज्ञानदीप स्कूल में किया पौधरोपण

**राजौंद।** रोहेड़ा रोड पर स्थित ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक कुलबीर दीक्षित व स्कूल प्रधानाचार्य सतपाल सिंह ने बच्चों को पेड़ पौधों से होने वले फायदे बताएं और बताया की इनका हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है,पेड़ हमें ऑक्सीजन प्रधान करते हैं, यह हमारे जीवन का आधार है इनसे हमें लकड़ी, फल व दवाइयां प्राप्त होती हैं।

### सांसद खेल महोत्सव जिंदल हाउस में बैठक

**कैथल।** सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जिन्दल हाउस कैथल में एक बैठक हुई। जिसका उद्देश्य जिला कैथल के सभी स्टेडियम, खेल नर्सरी, खेल प्रशिक्षण संस्थान, स्कूल, कॉलेज और शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों और युवाओं को सांसद खेल महोत्सव के लिए प्रेरित करना और इसमें उनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अधिक से अधिक युवा भाग ले सकें।


---

कैथल की राजकीय आईटीआई में मनाया उदयमिता पखवाड़ा

# स्लोगन लेखन में शिवानी रही प्रथम वैशाली द्वितीय तथा कश्मा तृतीय रही

शूगर मिल के एमडी कृष्ण कुमार ने प्रतिभागियों और विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल






**कैथल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार तथा सतीश मच्छाल व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल के कार्यक्रम में मंच पर बैठे पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कैथल में उदयमिता पखवाड़ा का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस आयोजन में उन प्रतिभागियों ने भाग लिया जिन्होंने अपने संस्थान स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। मुख्य अतिथि एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया और पुरस्कार वितरण किया। कृष्ण कुमार ने युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।संस्थान के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने युवाओं को स्वरोजगार को अपनाने पर बल दिया। उदयमिता पखवाड़ा का उद्देश्य युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना और उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर मिला। हमें उम्मीद है कि यह आयोजन युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उद्यमिता और नवाचार पर आकर्षक नारों का निर्माण किया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उद्यमिता से संबंधित पोस्टर बनाए। आइडिया प्रतियोगिताः प्रतिभागियों ने अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर सतीश मुच्छल, प्रिंसिपल आईटीआई, ग्रुप इंस्ट्रक्टर अनिल ढुल, शमशेर मलिक, संजय वर्मा, सतीश कुमार और संजीव कुमार उपस्थित थे। स्लोगन लेखन में शिवानी प्रथम, वैशाली द्वितीय तथा कश्मा तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग में अजय प्रथम, प्रिंस द्वितीय तथा विकास कुमार तृतीय रहे। आइडिया कंपीटिशन में यशिका प्रथम, काजल द्वतीय तथा काजल तृतीय रहे। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।



**पूंडरी।** संयुक्त चित्र खिंचवाते हुए रोल प्ले व फोक डांस प्रतियोगिता के प्रतिभागी।

## खंड स्तरीय रोल प्ले व फोक डांस प्रतियोगिता आयोजित

**पूंडरी।** खंड शिक्षा अधिकारी पूंडरी कार्यालय में आज जिला शिक्षा अधिकारी व डाइट प्राचार्य डॉ. विजय लक्ष्मी के मार्गदर्शन तथा जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ एस.सी.ई.आर.टी. गुरुग्राम के सौजन्य से खंड स्तरीय रोल प्ले व फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी पूंडरी सुरेश कुमार सिंगला की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर डाइट कैथल से जिला संसाधन इकाई के प्रभारी डॉ. राज कुमार ने प्रतियोगिता संबंधी दिशा-निर्देश विस्तारपूर्वक साझा किए। प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया। रोल प्ले प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय चंदलाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने दूसरा और पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरल ने तीसरा स्थान हासिल किया। फोक डांस प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय प्रथम, राजकीय उच्च विद्यालय चंदलाना द्वितीय तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसल तृतीय स्थान पर रहा। रोल प्ले प्रतियोगिता की मुख्य थीम पौष्टिक भोजन, व्यक्तिगत सुरक्षा, इंटरनेट गैजेट व मीडिया साक्षरता, मादक द्रव्यों का सेवन व इसके निवारण पर आधारित रही। निर्णायक मंडल में रजनी रानी व विक्की ने अहम भूमिका निभाई। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पूरे स्टाफ ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग दिया।

---

# पंजाब में बाढ़ राहत के लिए दिए 2.5 लाख

- जिला प्रशासन के माध्यम से भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी को सौंपी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी बाढ पीडितों की सहायता के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी को सहायता राशि सौपते हुए।

राइस मिलर्स एसोसिएशन ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए एकत्रित किए गए ढाई लाख रुपये जिला प्रशासन के माध्यम से भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी को सौंपे। भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, हैफेड पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत व जिला प्रशासन की ओर से जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश विशेष रूप से मौजूद रहे। ज्योति सैनी ने इसके लिए एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत छाबड़ा का धन्यवाद व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा में मदद के लिए आगे आएं। ज्योति सैनी ने कहा कि राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा की अगुवाई में राइस मिलर्स एसोसिएशन ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए ढाई लाख दिए हैं। पहले भी प्रशासन, पार्टी कार्यकर्ताओं तथा सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से दो ट्रक राहत सामग्री भेजी जा चुकी है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आगे भी राहत सामग्री भेजी जाती रहेगी। लोगों को आवश्यकता के हिसाब से राहत सामग्री में राशन, मेडिकल किट, चारा सहित तमाम वे चीजें भेजी जा रही हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल, भाजपा जिला महामंत्री सुरेश संधू, मनीष शर्मा, रामप्रताप गुप्ता, जिला प्रवक्ता हिमांशु गोयल, सीएम विंडो के एनीमेंट पर्सन बलविंद्र जांगड़ा इत्यादि मौजूद रहे।

### साथ खड़ा हरियाणा

राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि हमारे पड़ोसी राज्य पंजाब में प्राकृतिक आपदा के आई हुई है। इस आपदा के समय पूरा हरियाणा पंजाब के लोगों के साथ खड़ा है। आपदा में मदद करना पड़ोसी का धर्म होता है। इसी को निभाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में पंजाब में बाढ़ राहत सामग्री भेजी जा रही है। इसी कड़ी में आज राइस मिलर्स एसोसिएशन की ओर से भी ढाई लाख रुपये की सहयोग राशि इस नेक कार्य के लिए दी है।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राम राज शर्मा ने रखा नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स पर पक्ष

- ्यापारियों, उद्योगपतियों और युवाओं को मिलेगी नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता राम राज शर्मा जानकारी देते हुए।

भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता राम राज शर्मा ने आज भाजपा जिला कार्यालय, कपिल कमल कैथल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से /"नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स/" विषय पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल रही है। जीएसटी को और अधिक पारदर्शी, सरल एवं जनहितैषी बनाने के लिए यह सुधार एक क्रांतिकारी कदम है। इन सुधारों से व्यापारियों, उद्योगपतियों और युवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल आलोचना करने में व्यस्त है जबकि भाजपा सरकार ठोस काम कर रही है। उन्होंने व्यापारियों से आह्वान किया कि वे इस सुधार का स्वागत करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसके लाभ से जोड़ें। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और व्यापारिक माहौल को बेहतर बनाने को ठोस कदम उठा रही है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राम राम शर्मा, जिला महामंत्री सुरेश संधू व मुनीष शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा हिमांशु गोयल, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र बत्रा, जिला आई टी प्रमुख रविंद्र धीमान, नेक्स्ट जनरेशन जी.एस.टी. रिफॉर्म्स समिति के कैथल सयोंजक सुरेश गर्ग नॉच, संजीव राणा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---



**कैथल।** एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस मनाते पदाधिकारी।

### एमआइआइएलएम विवि में मनाया हिंदी दिवस

**कैथल।** एनआइआइएलएम विवि में हिन्दी दिवस बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों नें बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दी भाषा की महत्ता पर भाषण, निबंध लेखन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। प्राध्यापकों नें हिन्दी भाषा, साहित्यकारों के योगदान को याद करते हुए हिन्दी को जनता की भाषा और देश की अस्मिता बताया। हिन्दी केवल सम्वाद का माध्यम नहीं अपितु यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है हमे गर्व होना चाहिए कि हिन्दी विश्व की भाषाओं में से एक है। विश्वविद्यालय सदैव छात्रों को हिन्दी भाषा और संस्कृति को जीवंत बनाये रखने के लिए प्रयासरत है। डॉ एकता चहल ने सभी को हिन्दी दिवस की मुबारकबाद दी। विभागाध्यक्ष डॉ सुमन, मिस सुनीता इतिहास विभाग के सदस्य डॉ पवन कुमार, मिस सुमन, राजनीतिक शास्त्र के सदस्य डॉ महेन्द्र सिँह, मिस्टर अमरजीत सिंह, अंग्रेजी विभाग से मिस नेहा, मिस इशू, अर्थशास्त्र विभाग से मिस्टर राहुल और गृह विज्ञान की प्राध्यापिका डॉ आशा पाण्डेय आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### कौल कॉलेज में छात्रों ने ली एड्स जागरूकता की शपथ

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल में रेड रिबन सेल, एनएसएस यूनिट और रसायन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एड्स/एचआईवी जागरूकता विषय पर शपथ एवं संदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के निर्देशन में हुआ। एनएसएस ऑफिसर व संयोजिका डॉ. नैंसी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को एड्स जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए जागरूक रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सही जानकारी ही सुरक्षा का सबसे सशक्त साधन है। डॉ. नैंसी ने विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण की रोकथाम के उपायों से अवगत कराया और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। वहीं, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. राधिका खन्ना ने छात्रों को एड्स के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और भ्रांतियों से दूर रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, फैकल्टी व स्टाफ सदस्यों ने एड्स/एचआईवी के प्रति जागरूकता फैलाने और सुरक्षित व्यवहार अपनाने की शपथ ली। कॉलेज के संकाय व विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



**ढांड।** जनता कालेज कौल के रेड रिबन क्लब के सदस्य।



**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### समय पर पूरा करें मतदाता सूचियों पुनरीक्षण का काम

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण निर्वाचन आयोग का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। मतदाता सूची का सही और शुद्ध होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। इसलिए सभी सुपरवाइजर अपने बीएलओ के माध्यम से इस कार्य को चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार समयबद्ध पूरा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर सुपरवाइजरों को संबोधित कर रहीं थीं। जिला की चार विधानसभाओं कैथल, कलायत, गुहला तथा पूंडरी के सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। डीसी प्रीति ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने देश भर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराने का निर्णय लिया है। इसके तहत वर्ष 2002 की मतदाता सूची तथा 2024 की मतदाता सूचियों का मिलान किया जाएगा। संबंधित बीएलओ द्वारा यह प्रक्रिया 20 सितंबर तक पूरी करवाई जाए। इस कार्य को गंभीरता से एवं गुणवत्ता पूर्वक संपन्न करें। सभी सुपरवाइजर अपने बीएलओ की नियमित हाजिरी लें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। यदि किसी स्तर पर किसी भी प्रकार का संशय उत्पन्न होता है तो तुरंत अपने उच्च अधिकारियों से समन्वय कर उसका निराकरण करें।

## न्यूज डायरी

### बरसाना में विकास कार्यों के लिए ग्रामीणों व सरपंच ने चेयरपर्सन व प्रतिनिधि का जताया आभार

**पूंडरी।** गांव बरसाना में चल रहे सामाजिक व विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। गांव के सरपंच विजय कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ब्लॉक समिति चेयरपर्सन व प्रतिनिधि राजेश बरसाना का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके सहयोग से गांव में अनेक कार्य गति पकड़ पाए हैं। गांव में सडक़ों की मरम्मत, नालियों की सफाई, सार्वजनिक स्थलों पर सुधार और पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसे कार्य तेजी से पूरे हो रहे हैं। इसके अलावा खेल व शिक्षा से जुड़े कार्यों में भी चेयरपर्सन प्रतिनिधि राजेश बरसाना का विशेष योगदान रहा है। सरपंच विजय कुमार ने कहा कि गांव बरसाना में विकास कार्यों की दिशा अब सकारात्मक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राजेश बरसाना हमेशा ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हैं और समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

### सुरक्षित एवं प्रभावी इलाज के लिए वैध नशा मुक्ति केंद्रों में ही इलाज करवाएं नशे से पीड़ितः डीसी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि जिले में 11 वैध नशा मुक्ति केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनमें दो सरकारी व नौ प्राइवेट केंद्र शामिल हैं। इनके अलावा कोई अन्य नशा मुक्ति नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध केंद्रों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं प्रभावी ईलाज मिल सके। अवैध रूप से चल रहे नशा मुक्ति केंद्रों की सूचना डा. नवराज सिंह (9992473022) को दे सकते हैं। प्रशासन नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक करने के लिए स्कूल, कालेज तथा ग्राम पंचायतों में अभियान चलाए जा रहे हैं। वैध नशा मुक्ति केंद्रों की सूची जारी कर बताया कि सरकारी नशा मुक्ति एवं परामर्श केंद्र सामान्य अस्पताल कैथल व गुहला अस्पताल में है। इसके अलावा गैर सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में अग्रवाल मनोरोग एवं नशा मुक्ति केंद्र नजदीकी कारपोरेशन बैंक चीका भी शामिल है।

### विधायक सतपाल जांबा ने दिया संदेश आओ एक कदम बढ़ाएं, पूंडरी हलके को स्वच्छ बनाएं

**पूंडरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को पूंडरी विधायक सतपाल जांबा द्वारा पुण्डरीक तीर्थ पर सुबह सात बजे हवन करवाया जाएगा। इसके अलावा सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। सभी आमजन इसमें बढ़चढ़ कर भाग लें और अपने पूंडरी हलके को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तीन गुणा रफ्तार से तरक्की कर रहा है। विकास के नए नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर पर पैदा किए जा रहे हैं। उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में देश में 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में 11 सप्ताह का हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

---

जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

# अब कौल में भी जल्द शुरू होगा डोर-डोर कूड़ा कलेक्शन

*गांव कौल में चला स्वच्छता अभियान प्रेम नगर, गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में सफाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



**ढांड।** जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल स्वच्छता अभियान चलाते हुए। फोटा : हरिभूमि

जिला परिषद कैथल के तत्वावधान में गांव कौल में प्रेम नगर मोहल्ला गुरु ब्रह्मानंद आश्रम, नज़दीक में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने किया। चेयरमैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुँचाने के लिए जिला परिषद व ग्राम पंचायत मिलकर गांव को स्वच्छ बनाने का कार्य कर रहे हैं। अभियान की शुरुआत सुबह 9 बजे हुई, जिसके तहत जेसीबी मशीन की मदद से जगह-जगह पड़े गंदगी के ढेरों को हटाकर क्षेत्र को साफ किया गया। चेयरमैन ने कहा कि आज गांव कौल में 20 डस्टबिन रखे गए हैं और शीघ्र ही हर मंदिर व धार्मिक स्थलों पर भी डस्टबिन लगाए जाएंगे। साथ ही, गांव की हर गली में भी डस्टबिन उपलब्ध करवाए जाएंगे ताकि कचरा सड़क पर इकट्ठा न हो। इसके अतिरिक्त गांव में कूड़ा-कचरा उठाने के लिए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और ई-रिक्शा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की समस्या न आए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जिस प्रकार हम अपने घर को साफ रखते हैं।

उसी तरह आसपास के क्षेत्र की सफाई भी हमारी जिम्मेदारी है। महिलाओं को संबोधित करते हुए चेयरमैन ने कहा कि घर का कचरा है वह डस्टबिन में डालें या फिर डोर-टू-डोर आने वाली गाड़ी में ही डालें, ताकि गांव में गंदगी और बीमारियों से बचाव हो सके।

### सरपंच ने जताया आभार

सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती ने चेयरमैन कर्मबीर कौल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चेयरमैन हमेशा गांव की सेवा में तत्पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही जिला परिषद द्वारा गांव को वाटर टैंकर उपलब्ध कराया गया था और अब डस्टबिन दिए गए हैं। जल्द ही गांव के लिए कूड़ा-कचरा उठाने हेतु ट्रैक्टर-ट्रॉली व ई-रिक्शा की सुविधा भी शुरू की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### धनौरी में चला पॉलिथीन मुक्त अभियान

**कैथल।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव धनौरी में ग्राम पंचायत द्वारा पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सरपंच कपिल, ग्राम पंचायत सदस्य एवं स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने मिलकर ग्रामीणों को पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम सचिव संदीप कुमार, एसबीएस के खंड संयोजक नरेंद्र चौशाला, राहुल, विक्रम आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहे। अभियान के दौरान ब्लॉक कॉर्डिनेटर नरेंद्र सिंह ने कहा कि पॉलिथीन का प्रयोग पर्यावरण के लिए हानिकारक है। ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे पॉलिथीन का उपयोग न करें।

### स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**पूंडरी।** सिविल सर्जन कैथल से मिले निर्देशानुसार 17सितंबर को महार्षि मार्कंडेश्वर मैडिकल सांईस एंड रिर्सच मुलाना, अम्बाला से जनरल मैडिसन, जनरल सर्जन, ओर्थो, नेत्र रोग, प्रसुति रोग, बाल रोग व ई.एन.टी रोग विशेषज्ञों की टीम 'स्वस्थ नारी सुरक्षित परिवार' अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुण्डरी में पहुंच रही है। इस अभियान का शुभारंभ हल्का विधायक सतपाल जांबा द्वारा किया जाएगा। इसलिए आमजन से अनुरोध है कि17 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुण्डरी में परिवार पहचान पत्र सहित पहुंचकर निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

### बाजार से ग्राहकों की रौनक हुई गायब

# श्राद्ध पक्ष ने बाजार में धंधा कर दिया मंदा, नहीं दिख रहे ग्राहक

दुकानदार दीपक सैनी बोले- श्राद्ध पक्ष के चलते बाजार में बिल्कुल भी काम नही

21 सितंबर को समाप्त होंगे श्राद्ध, नवरात्र पर्व 22 से : नवीन शास्त्री



**जींद।** श्राद्ध पक्ष के चलते सुनसान नजर आ रहा बाजार। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पितृ पक्ष (श्राद्ध) शुरू हो चुके हैं और बाजार से ग्राहकों की रौनक पूरी तरह से गायब हो चुकी है। ग्राहकों से खचाखच रहने वाला जींद के बाजार में दुकानदार ग्राहकों की बाट जोहते नजर आ रहे हैं। दिन होते-होते बाजार में सन्नाट छा जाता है। जिन दुकानदारों को दोपहर के समय सांस लेने तक की फुर्सत नहीं होती थी वो दुकानदार अब ग्राहकों का इंतजार करते हुए नजर आते हैं।

दुकान पर ग्राहक नजर नहीं आ रहे हैं। धंधा इस कदर मंदा हो गया है, जिसे सोच कर दुकान मालिक सिहर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन दुकानदारों की बढ़ गई है जिन्होंने महंगे किरायों पर दुकानें ली हुई हैं। हालात यह हैं कि दुकान का किराया निकलने की भी उम्मीद नहीं दिख रही है। किसी-किसी दिन तो बोहनी तक नही होती है। अब दुकानदारों को इंतजार है नवरात्र पर्व का। जिससे उनकी दुकानदारी फिर ढर्रे पर लौट सके।

#### श्राद्ध पक्ष में नहीं खरीदी जाती कोई भी नई चीज

पौराणिक मान्यता है कि जब श्राद्ध शुरू होते हैं तो उस दौरान कोई भी नई चीज या वस्तु खरीदना शुभ नहीं माना जाता है। जिसके चलते लोग श्राद्ध पक्ष के दौरान वस्तुओं की खरीद-फरोख्त करने से परहेज करते हैं। जिसका साफ असर व्यापार पर दिख रहा है।

चाहे इलेक्ट्रॉनिक सामान हो, कपड़ा या गिफ्ट आइटमें या सोने तथा चांदी के गहने, सभी दुकानों पर सन्नाटा है। जींद का बाजार सर्राफा के लिए मशहूर है और शहर की सभी दुकानों, शोरूमों पर ग्राहकों की भरमार रहती थी लेकिन वहां भी ग्राहकों का इंतजार हो रहा है। पितृपक्ष के चलते लोग खरीददारी से किनारा करते नजर आ रहे हैं। दुकानदारों को इंतजार है कि कब पितृपक्ष का पखवाड़ा निकले व नवरात्र महोत्सव शुरू हो, जिससे कि दुकानों की रौनक फिर बढ़ सके।

#### बाजार में बिल्कुल नहीं कोई काम : दीपक सैनी

मेन बाजार स्थित हरि इम्पोरियम के मालिक दीपक सैनी ने बताया कि श्राद्ध पक्ष के चलते बाजार में बिल्कुल भी काम नही है। श्राद्ध के दिनों में लोग कोई भी नई चीज नहीं खरीदते हैं। इसीलिए इन दिनों में कई बार ऐसा होता है कि दुकानदारों की बोहनी तक नहीं होती है। हालांकि जो लोग इन बातों को नहीं मानते हैं या नई सोच वाले हैं वह जरूर कुछ सामान खरीद लेते हैं वरना श्राद्ध के दिनों में खरीददारी न के बराबर है। श्राद्ध की वजह से धंधा बिल्कुल ही मंदा है। वर्करों को सैलरी और दुकानों के अन्य कई तरह के खर्चे होते हैं। जिन्हें निकाल पाना भी मुश्किल हो रहा है।

#### कुछ समय के लिए टल जाते हैं शुभ कार्य : शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि इस साल श्राद्ध पक्ष 21 सितंबर को संपन्न हो रहे हैं। 22 सितंबर से नवरात्र पर्व की शुरूआत होगी। ऐसे में पितृ पक्ष के दौरान कुछ समय के लिए शुभ कार्यों को टाला जाता है। पितृ पक्ष में पितरों से निमित्त पिंडदान की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। नवरात्र पर्व से शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाती है।

# भक्ति मार्ग पर चल कर व्यक्ति आनन्द की प्राप्ति कर सकता है : रोशन लाल

- मां काली शिव शनि मंदिर में हो रही भागवत कथा के दूसरे दिन किया भगवान की महिमा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



**नरवाना।** मां काली शिव शनि मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा सुनाते हुए कथा वाचक रोशन लाल वेदपाठी तथा कथा सुनती हुई महिलाएं।

नरवाना के धरोदी रोड पर स्थित मां काली शिव शनि मंदिर में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन का आयोजन भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कथा वाचक पुजारी रोशन लाल वेदपाठी ने अपनी ओजस्वी वाणी में भगवान की महिमा का गुणगान कियाए जिसे सुनने के लिए दूर.दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे। इस दौरान भक्तों ने कथा का श्रवण कर पुण्य अर्जित किया और अपने जीवन को सार्थक बनाने का संकल्प लिया।

कथा के दूसरे दिन पुजारी रोशन लाल वेदपाठी ने भक्तिए ज्ञान और वैराग्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह भक्ति के मार्ग पर चलकर कोई भी व्यक्ति जीवन में शांति और आनंद की प्राप्ति कर सकता है। उन्होंने सद्कर्मों की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि हमारे कर्म ही हमारे भविष्य का निर्माण करते हैंए इसलिए हमें हमेशा अच्छे काम करने चाहिए।

# गांवों का दौरा कर रोहतक में होने वाले सम्मान समारोह के लिए दिया न्यौता

- प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने किया गांवों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



**नरवाना।** नरवाना हलके के ग्रामीण दौरे के दौरान मौजूद इनैलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा। *फोटो : हरिभूमि*

नरवाना हल्के के तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन लोगों को संबोधित करते हुए इनैलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने आगामी 25 सितम्बर को रोहतक में ताऊ देवीलाल की जयंती पर आयोजित सम्मान समारोह के लिए रैली में आने का न्यौता दिया और कहा कि जब ताऊ देवीलाल पहली बार मुख्यमंत्री बने थेए तब उन्होंने लोगों की भलाई के लिए कार्य करते हुए सबसे पहले साइकिलए रेडियोए टेलीवीजनए तम्बाकूए ट्रैक्टर आदि पर लगे टैक्स को समाप्त किया।

6 एकड़ का मालिया माफ कियाए गरीब की बेटी की शादी में कन्यादान की स्कीम चलाईए गांव-गांव में सभी जातियों की चौपाल बनाईए सड़कों का निर्माण करवायाए बाहर जाकर पढने वाले बच्चों के लिए बस पास की सुविधा कीए गलियों को पक्का कियाए सरकारी स्कूल.कॉलेजए अस्पतालए नहरी पानी के लिए जलघर बनवाए। विकास के अनेकों काम करते हुए काम के बदले अनाज की स्कीम चलाई। ओलावृष्टि या बाढ़ आने पर किसान की पुसल बर्बाद हो जाए तो उसके लिए पहली बार किसानों के लिए सरकार की ओर से मुआवजा दिए जाने का कानून बनाया। जहां प्रदेश में पहली बार बुढ़ापा पैंशन लागू कीए वहीं गरीब लोगों को बीपीएल राशन कार्ड की सुविधा दी।

# एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने सुनीं किसानों की समस्याएं

- सरोला साइफन को लेकर बनाया जाएगा विशेष प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



**गुहला चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह किसानों के साथ नीचे बैठकर उनकी समस्याएं सुनते हुए।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ पंजाब राज्य के गांव धर्महेड़ी में किसानों की समस्याएं सुनीं ओर आवश्यक समाधान करने का आश्वासन भी दिया। घग्गर से लगते पंजाब के गांव के किसानों द्वारा मांग की गई थी, कि हर साल घग्गर के जल स्तर बढ़ने से सरोला साइफन की वजह से पानी की सही से निकासी न होने के कारण पानी का दबाव बढ़ जाता है, जिसकी वजह से पंजाब के कुछ गांवों बाढ़ की चपेट में आ जाते है। किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है।

एसडीएम ने कहा कि साइफन को लेकर विशेष प्लान तैयार किया जा रहा है। भविष्य में बाढ़ जैसी स्थिति इस क्षेत्र में उत्पन्न न हो इसके लिए हरियाणा सरकार व प्रशासन द्वारा लगातार घग्गर व अन्य नदियों की साफ-सफाई करवाई जाएगी। घग्गर के पानी की स्पीड को बढ़ाने के लिए भी काम किया जाएगा। आने वाले समय में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# सीएम विंडो शिकायतों के निस्तारण को लेकर सख्त हुआ जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों के निपटान को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। इस संबंध में मंगलवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उपायुक्त ने कहा कि अब हर कार्यदिवस पर बैठक होगी और यह प्रक्रिया तब तक चलेगीए जब तक सभी शिकायतों का समाधान नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय पर और सही निस्तारण बेहद जरूरी है। अगर किसी अधिकारी या कर्मचारी ने लापरवाही कीए तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विभागवार लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन शिकायतों को लंबे समय से अंडरटेक नही किया गया है, उन्हें तत्काल लिया जाए। साथ हीए सात दिनों के भीतर सभी पुरानी लंबित शिकायतों का निपटारा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि समस्याओं का उचित समाधान किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जिन शिकायतों को अतिरिक्त मार्किंग दी गई हैए उनकी अलग सूची बनाई जाए और उनकी प्रतिदिन समीक्षा की जाए।

#### एटीआर की गुणवत्ता अपडेट करने पर विशेष जोर

मंगलवार सुबह हुई सीएम विंडो की समीक्षा बैठक में नगराधीश मोनिका रानी ने भी सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत की स्थिति स्पष्ट रिपोर्ट के रूप में जमा करवाई जाए। उन्होंने एटीआर की गुणवत्ता और समय पर अपडेट करने पर विशेष बल दिया। बैठक में एसडीएम सत्यवान मान, एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, एसडीएम जगदीश चंद्र, एसडीएम होशियार सिंह, एसडीएम दलजीत सिंह, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदीप वर्मा बने सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन, जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



**गुहला चीका।** प्रदीप वर्मा को सीएम विंडो का एमिनेंट पर्सन के साथ व्यापारी। *फोटो : हरिभूमि*

चीका के प्रसिद्ध व्यापारी एवं पूर्व नगर पार्षद प्रदीप वर्मा को सीएम विंडो का एमिनेंट पर्सन बनाए जाने पर क्षेत्र भर के स्वर्णकार समाज ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। समाज ने कहा कि यह नियुक्ति न केवल प्रदीप वर्मा के लिए सम्मान है, बल्कि पूरे स्वर्णकार समाज की प्रतिष्ठा और विश्वास का प्रतीक है। समाज ने प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली, हलका के पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर और जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी का भी धन्यवाद किया। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह सम्मान स्वर्णकार समाज की एकजुटता और भाजपा नेतृत्व पर उनके विश्वास का परिणाम है। समाज ने भरोसा दिलाया कि वह भाजपा की नीतियों और आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए पहले से अधिक निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगा। इस अवसर पर स्वर्णकार संगठन गुहला प्रधान कृष्ण वर्मा, उपप्रधान लक्ष्मण वर्मा, सचिव प्रदीप वर्मा, जगदीश वर्मा, सुखपाल वर्मा, धर्मवीर वर्मा, राजू वर्मा, राजीव वर्मा, शिव कुमार वर्मा, रत्नपाल वर्मा, मोहनलाल ने आभार व्यक्त किया।

# हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति का प्रतीक : डॉ. जसबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



**गुहला चीका।** प्राचार्य डॉ॰ जसबीर सिंह विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए।

डीएवी कॉलेज, चीका में हिन्दी परिषद के तत्वावधान में हिन्दी दिवस सप्ताह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम कि संयोजिका प्रो. ज्योति ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, कविता पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने हिन्दी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर तथा वर्तमान समय में इसके प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से हिन्दी की गरिमा और मातृभाषा के प्रति सम्मान को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ॰ जसबीर सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। भाषण प्रतियोगिता में पायल (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्रथम, तनवीर (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय तथा अंजली (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सृष्टि (बी.ए. तृतीय वर्ष) को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।



**कैथल।** अवैध असला रखने का आरोपी सीआईए-1 पुलिस गिरफ्त में।

### देसी पिस्तौल व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत सीआईए-1 पुलिस द्वारा थाना चीका क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल व 6 कारतूस बरामद हुए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान अनाज मंडी चीका पर मौजूद थी। जहां पर पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली की अनाज मंडी चीका में निर्माणाधीन दुकान में चीका निवासी राहुल नाजायज असला लिए हुए है। जिसको रेड करके काबु किया जा सकता है। पुलिस द्वारा अनाज मंडी चीका में निर्माणाधीन दुकान पर दबिश देकर संदिग्ध चीका निवासी राहुल को काबू किया।

# अनुबंधित विद्युत संघ ने मुद्दों पर किया मंथन, बनाई खास रणनीति

- सिटी सब डिवीजन नरवाना में स्टाफ की कमी को करवाया जाएगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** मीटिंग में चर्चा करते हुए अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की सदस्य।

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा सिटी सब डिवीजन नरवाना कार्यकारिणी की बैठक सिटी सब डिवीजन प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण कुमार सिटी सब डिवीजन अध्यक्ष ने की। मंच का संचालन सचिव नीरज राठी ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष लोकेश भ्याण, जिला कोषाध्यक्ष योगेश शर्मा, डिवीजन अध्यक्ष राकेश शर्मा, सब डिवीजन अध्यक्ष कर्मपाल सिद्धू मौजूद रहे। बैठक में सब डिवीजन लेवल के मुद्दे को लेकर चर्चा हुई और जो भी एक्शन लेवल के मुद्दे थे वह डिवीजन अध्यक्ष राकेश शर्मा को नोट करवा दिए हैं।

डिवीजन अध्यक्ष राकेश शर्मा ने आश्वासन दिलाया है कि इन सभी मुद्दों पर एक्शन साहब से मीटिंग लेकर जल्दी से जल्दी हल करवा दिया जाएगा। जैसे की बहुत से साथी जो एक्सपायर हो चुके हैं, उनकी एक्सग्रेशिया या कंपनसेशन का मुद्दा हो या किसी सेंटर पर टूल किट नहीं व प्रत्येक टेक्निकल कर्मचारियों को टूल किट दी जाए।

### बाबा बहादुरबण मंदिर में रुद्र महायज्ञ शुरू

**राजौंद।** नगर के बाबा बहादुरबण मंदिर में सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ शुभारंभ का शुभारंभ 20 सितंबर को शुरू होगा 26 सितंबर तक यह यज्ञ चलेगा। जिसमें सात ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन विधिपूर्वक बणेश्वर महादेव का विधान से रुद्राभिषेक किया जाता है। इस महायज्ञ में नगर का पूरा सहयोग मिलता है। बाबा बहादुर बण मंदिर के महंत तेज गिरी जी ने बताया कि हर वर्ष बाबा बहादुरबण की पुण्य तिथि को लेकर इस यज्ञ का आयोजन किया जाता है। पुण्यतिथि वाले दिन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सात दिन तक चलने वाले इस रुद्र महायज्ञ में 7 ब्राह्मणों द्वारा प्रति दिन विधिपूर्वक संपूर्ण पूजन के साथ बाणेश्वर महादेव का विधान से रुद्राभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य में आचार्य बृज भूषण, रवि श्याम पंडित, दीपक पंडित, नरेंद्र पंडित, महावीर दीक्षित, मदन पंडित,संदीप पंडित प्रतिदिन सहित पूजा कई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### आईटीआई में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन, दिखाया कौशल

# उद्यमिता पखवाड़ा : छात्र और छात्राओं ने बिजनेस आइडिया दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी स्टाफ के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में मंगलवार को उद्यमिता पखवाड़ा के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और ऊर्जा से भरे वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से बड़ी संख्या में छात्र व छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों का जोश और समर्पण देखने लायक था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में उद्यमिता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें स्वरोजगार की ओर प्रेरित करना और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में उद्यमिता केवल विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता है। यह न केवल आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करती है बल्कि बेरोजगारी जैसी समस्या के समाधान में भी कारगर है। युवाओं को चाहिए कि वे केवल नौकरी पाने के बजाय रोजगार देने वाले बनें और अपने कौशल व ज्ञान का सकारात्मक उपयोग करें। प्रतिभागियों ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि युवा सही दिशा में प्रयास करें तो वे न केवल अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी अवसर पैदा कर सकते हैं। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक सोच से निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने रंगों और चित्रों के माध्यम से अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। पोस्टरों में स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत जैसी झलकें साफ दिखाई दी। इन चित्रों ने यह साबित किया कि उद्यमिता केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक और राष्ट्रीय प्रगति का भी साधन है।

#### यह रहा प्रतियोगिता का परिणाम

*बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितिका राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल घिमाना, द्वितीय अंकुश, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद, तृतीय अर्चना, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद ने हासिल किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम राधिका राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद, द्वितीय पिंकी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डूमरखां, तृतीय रानी देवी ए छोटू राम किसान आईटीआई जींद ने पाया।*